सार्वजनिक परिवहन संचालकों को वित्तीय सहायता

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तराखंड के राज्य परिवहन विभाग** ने राज्य भर में पंजीकृत सार्वजनिक परिवहन ऑपरेटरों, कंडक्टरों और सफाईकर्मियों, प्रत्येक को**2,000 रुपये** की वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य परिवहन सचिव **रंजित सिन्हा** ने बताया कि राज्य सरकार इस वर्ष **कोविड-कर्फ्यू** के कारण प्रभावित सार्वजनिक परिवहन संचालकों की आजीविका के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से **12,388.20 लाख रुपये** खर्च करेगी।
- मैक्सी कैब, इलेक्ट्रिक रिक्शा, विक्रम, ऑटोरिक्शा और बसों [उत्तराखंड परिवहन निगम (यूटीसी) की बसों को छोड़कर] सहित सभी सार्वजनिक परिवहन के संचालकों को अगले छह महीनों के लिये यह वित्तीय सहायता मिलेगी।
- सिन्हा ने बताया कि विभाग इस पैसे को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों और ज़िलाधिकारियों के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/financial-assistance-to-public-transport-operators